**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

1. श्री नीरज कुमार,
   नोडल अधिकारी,
   यू–राइज, प्राविधिक शिक्षा विभाग।

2. श्री रोहित कुमार,
   पी0एम0यू0 हेड यूराइज,
   प्राविधिक शिक्षा विभाग।

**पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/2021/** 7865-66 **लखनऊःदिनांक–** 11/03/2021

**विषयः– विषम सेमेस्टर परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, 2021 को नकलविहीन, निर्विघन एवं सुचारू रूप से संचालित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च–2021 प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 12–3–2021 से प्रारंभ हो रही है।

परीक्षा के नकलविहीन, निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालन के संबंध में जनपद में बनाये गये राजकीय क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही मजिस्ट्रेट नियुक्त करने हेतु **सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ** द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र संख्या 7594–7669/B.T.E/2021, दिनांक 09–03–2021 के माध्यम से समस्त जिलाधिकारी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त के अनुक्रम में परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/2021/7687 दिनांक 10–03–2021 द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती एवं कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता के संबंध में केन्द्र अधीक्षक/स्थायी पर्यवेक्षक को ई0मेल0 के माध्यम से निर्देशित कर दिया गया है।

उपरोक्त पत्रों की प्रति संलग्न करते निर्देशित किया जाता है कि केन्द्र अधीक्षक/स्थायी पर्यवेक्षक की सुविधा के दृष्टिगत उपरोक्त पत्रों को यू–राइज पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीया,

11/03/21

(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव

अ.शा.प.सं 7594-7669/B.T.E/2021

**आलोक कुमार**
आई॰ए॰एस॰
**सचिव**

**व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास,**
**प्राविधिक शिक्षा विभाग**
उत्तर प्रदेश शासन
लोक भवन, लखनऊ–226001
दूरभाषः 0522–2289622
E-mail: psectecedu@gmail.com
लखनऊ: दिनांक: 09/03/2021

प्रिय महोदय,

प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा परिषद से सम्बद्ध डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) परीक्षा/बैक पेपर/विशेष पेपर परीक्षा, मार्च–2021 प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 266 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 12.03.2021 से 27.03.2021 के मध्य संचालित होना निर्धारित है। कतिपय परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षक की उपलब्धता न होने के कारण परीक्षा संबंधी कार्य के निस्तारण में समस्या उत्पन्न होने की संभावना है।

2. उपरोक्त हेतु राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों द्वारा कक्ष निरीक्षक की मांग की जाती है। इस हेतु जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0 द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षक उपलब्ध कराये जाने से परीक्षा के सुचारू संचालन में सहयोग प्राप्त होगा।

3. इसी प्रकार परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराये जाने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने के साथ–साथ जिला स्तरीय अधिकारियों में से मजिस्ट्रेट नियुक्त किये जाने से परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने में पर्याप्त सहयोग प्राप्त होगा।

उपर्युक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि यदि राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों द्वारा कक्ष निरीक्षक की मांग की जाती है तो कृपया जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0 को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षक उपलब्ध कराने, साथ ही परीक्षा के नकलविहीन एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने के साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर मजिस्ट्रेट नियुक्त करने का कष्ट करें, जिनकी उपस्थिति में परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिमय वातावरण में निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया जा सके।

भवन्निष्ठ,

Alok Kumar 9/3
(आलोक कुमार)

समस्त जिलाधिकारी, (नाम से)
उत्तर प्रदेश।

महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

केन्द्र अधीक्षक / स्थायी पर्यवेक्षक,
विषम सेमेस्टर परीक्षा / बैक पेपर /
विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च-2021 हेतु,
परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र।

पत्रांकः-प्राशिप / अनु04 / 2021 / 7687 लखनऊःदिनांक- 10/03/2021

**विषयः- परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था, कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट नियुक्त कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

सूच्य है कि प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा / बैक पेपर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च-2021, दिनांक 12-03-2021 से 27-03-2021 के मध्य संचालित हो रही है। परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराये जाने हेतु राजकीय क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ जिला स्तरीय अधिकारियों में से मजिस्ट्रेट नियुक्त किये जाने से परीक्षा को संपन्न कराये जाने में पर्याप्त सहयोग प्राप्त होगा।

उक्त के दृष्टिगत जनपद में बनाये गये राजकीय क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर मजिस्ट्रेट नियुक्त करने हेतु **सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ** द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र संख्या 7594-7669 / B.T.E / 2021, दिनांक 09-03-2021 के माध्यम से समस्त जिलाधिकारी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है **(प्रति संलग्न)**।

उपर्युक्त के दृष्टिगत आपसे अपेक्षा है कि अपने जनपद में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अपने परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षक, पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट नियुक्त करने हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः-उपरोक्तानुसार।**

भवदीया,
10/03/21
(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव

**पृ0सं0- प्राशिप / अनु04 / 2019 / 7688-91** तद्दिनांक- 10/03/2021

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित परीक्षा केन्द्र के केन्द्र अधीक्षक / स्थायी पर्यवेक्षक को निर्देशित करना चाहें।

10/03/21
(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव

E:\desktop backup\Kaksh Nirikshak Visham 2017.docx